# कार्यालय उप विकास आयुक्त–सह–अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक, पलामू
(महात्मा गांधी नरेगा कोषांग)

पत्रांक ................../मनरेगा, दिनांक ...............................

प्रेषक,

उप विकास आयुक्त,
पलामू।

सेवा में,

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर मेदिनीनगर।

विषय :– **दिनांक 17.10.2015 को महात्मा गांधी नरेगा एवं इन्दिर आवास योजना अन्तर्गत सामाजिक अंकेक्षण (प्रथम) से संबंधित जिला स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम हेतु मेदिनीनगर स्थित टाउन हॉल को आरक्षित करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि महात्मा गांधी नरेगा एवं इन्दिर आवास योजना अन्तर्गत सामाजिक अंकेक्षण 2015–16 (प्रथम) से संबंधित जिला स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम निर्धारित है। अतएव उक्त कार्यक्रम हेतु मेदिनीनगर स्थित टाउन हॉल को दिनांक 17.10.2015 को निःशुल्क आरक्षित करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

ह0/–

उप विकास आयुक्त,
पलामू।

ज्ञापांक 846 /मनरेगा दिनांक 12.10.15

प्रतिलिपि :– श्री जवाहर मेहता, विकास सहयोग केन्द्र, छत्तरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पलामू को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि अपने अधीनस्थ प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी/सहायक अभियंता/कनीय अभियंता/ग्राम रोजगार सेवक को उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु निदेशित करेंगे तथा स्वयं अद्यतन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होने का कष्ट करेंगे।

प्रतिलिपि :– श्री अरविन्द लकड़ा एवं श्री आकाश भार्गव, पी0एम0आर0डी0एफ0, पलामू को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, डालटनगंज वन प्रमण्डल एवं वनरोपण प्रमण्डल, मेदिनीनगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि वे भी निर्धारित जनसूनवाई के क्रम में उपस्थित होने की कृपा करेंगे।

प्रतिलिपि :– विशेष कार्य पदाधिकारी, नगरपालिका, मेदिनीनगर को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उक्त निर्धारित तिथि को स्थानीय टाउन हॉल में पेय जल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि – निदेशक, डी0आर0डी0ए0, पलामू को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि वे उक्त कार्यक्रम हेतु लगभग 500 व्यक्तियों के लिए कुर्सी टेबुल, खान–पान एवं अन्य आदि की समुचित व्यवस्था कराने की कृपा करेंगे।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, पलामू को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि की व्यवस्था स–समय करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :– लोकपाल मनरेगा, पलामू को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– उपायुक्त –सह– जिला कार्यक्रम समन्वयक, पलामू को सादर सूचनार्थ समर्पित।

12/10

उप विकास आयुक्त,
पलामू।